## खबर संक्षेप

### आशीष व 2 अन्य की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में बीती तीन अक्टूबर को उपद्रव के बाद हिंसा में चार किसान सहित आठ लोगों की मृत्यु के प्रकरण में सोमवार को जिला जज की कोर्ट में मुख्य आरोपित आशीष मिश्रा उर्फ मोनू की जमानत अर्जी खारिज हो गई है। जिला जज मुकेश मिश्र ने जमानत खारिज करते हुए अपना निर्णय सुनाया। कोर्ट ने आशिष के साथ ही इस केस में नामजद दो अन्य की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है।



### योगी ने मायावती से बात कर शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बसपा सुप्रीमो मायावती की मां रामरती के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मायावती से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी मां को खोया है। विषाद की इस घड़ी में ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।



### 'पियोगे तो मरोगे' का विपक्ष करे संदेश प्रचारित

**पटना।** बिहार में शराबबंदी होने के बावजूद जहरीली शराब से हो रही मौतों को लेकर घिरे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजनीतिक पार्टियों पर भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी तो सर्वसम्मति से लागू किया गया था। तब किसी ने तो एतराज नहीं जताया, फिर अब क्यों विरोध कर रहे। उन्हें तो पियोगे तो मरोगे का संदेश प्रचारित करना चाहिए।



22,494.66 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुई यह महत्वाकांक्षी योजना

# 36 महीने में बनकर तैयार हुआ उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, आज सुल्तानपुर में उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

*विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुल्तानपुर में एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कर इसे प्रदेश सरकार की उपलब्धि बताते हुए चुनावी शंखनाद करेंगे। इसके साथ ही सीएम योगी इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताकर चुनाव में एक बड़ी उपलब्धि दिखाने की कोशिश करेंगे।*

एजेंसी ▶▶ सुल्तानपुर

यूपी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन मंगलवार को होगा। उद्घाटन के दिन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे चुनावी समर का अखाड़ा बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुल्तानपुर में एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कर इसे प्रदेश सरकार की उपलब्धि बताते हुए चुनावी शंखनाद करेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को यूपी के सुलतानपुर आ रहे हैं। इस दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहेंगे। सीएम योगी अखिलेश सरकार में बने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का जवाब पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से देंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताकर चुनाव में एक बड़ी उपलब्धि दिखाने की कोशिश करेंगे।



### सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीसरी बार देखी तैयारी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि मंगलवार को दिन में करीब एक बजे उद्घाटन कार्यक्रम शुरू होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में एयर फोर्स के लड़ाकू विमान करीब आधा घंटा तक करतब भी दिखाएंगे। गौरतलब है कि 22,494.66 करोड़ रुपए की लागत से बने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण में 4000 हेक्टेअर लैंड बैंक का इस्तेमाल हुआ है। बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया गया।

### रिकार्ड समय में पूरा किया निर्माण

*पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर औद्योगिक गलियारा विकसित करने का काम प्रगति पर है। लखनऊ को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले करीब 341 किलोमीटर लम्बा एक्सप्रेस-वे 36 महीनों में बनकर तैयार हुआ है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ को पूर्वी क्षेत्र से जोड़ने के लिए इस एक्सप्रेस-वे की एक बड़ी भूमिका होगी। अक्टूबर-2018 से अक्टूबर-2021 यानी 3 साल में दो कोरोना की लहर के बावजूद रिकॉर्ड समय में एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा किया गया है।*

सीएम ने प्रतिदिन लगने वाली टीके की डोज हर हाल में बढ़ाने के दिए निर्देश

# 14 करोड़ टीके वाला पहला राज्य बना यूपी सीएम योगी बोले-और तेज करेंगे रफ्तार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी ने देश में अब तक सबसे अधिक टीकाकरण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक यूपी में 14 करोड़ 03 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 10 करोड़ 19 लाख को पहली डोज और 03 करोड़ 83 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के लिए नए सिरे से मजबूत रणनीति बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रतिदिन लगने वाली टीके की पहली और दूसरी डोज को किसी भी हालत में बढ़ाने के आदेश दिए हैं। सीएम ने अधिकारियों को गांवों में वैक्सीनेशन को तेज करने के साथ गांवों में शिफ्ट वाइज वैक्सीनेशन के कार्यों को तेज करने व स्कूल और कॉलेज में भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित कर अभियान को तेज करने के निर्देश जारी किए हैं।

*यूपी ने देश में अब तक सबसे अधिक टीकाकरण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक यूपी में 14 करोड़ 3 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है ,जिसमें 10 करोड़ 19 लाख को पहली डोज और 03 करोड़ 83 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है।*

### खास बातें

- टीकाकरण को तेजी के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ बनाने के दिए निर्देश



### कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटेः योगी

प्रदेश में टीकाकरण को तेजी से बढ़ाने के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ, कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटे, इसके लिए जिला संयुक्त अस्पताल में रात 10 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने हर जिले में एक केंद्र पर रात दस बजे तक टीकाकरण कराए जाने के निर्णय से भी टीकाकरण अभियान को गति मिलेगी।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए सीएम योगी

*लखनऊ। गाजियाबाद में सोमवार को श्रम विभाग की कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 2,306 जोड़ों ने जीवन की नई पारी में प्रवेश किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वर्चुअली रूप से शामिल हुए। उन्होंने वर-वधुओं को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। योगी ने इस मौके पर कहा कि इनसे सामाजिक कुरीतियां खत्म हो रही हैं। इन्हें बढ़ावा मिलना चाहिए। यहां कमला नेहरू नगर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होते हुए उन्होंने कहा कि गांव की बेटी सबकी बेटी की भावना जातिभाव से ऊपर होती है। कन्यादान सबसे पवित्र दान है। सामाजिक सहभागिता से इस तरह के कार्यक्रमों का लाभ जरूरतमंदों को मिलता है। ना दहेज लिया जा सकता और न ही बाल विवाह हो सकता, इस तरह से कुरीतियों को खत्म करने का काम भी किया जा रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया।*

# पूरा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे मथेंगे अखिलेश यादव, गाजीपुर से लखनऊ तक जाएगी रथयात्रा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को ही गाजीपुर के पूर्वी छोर पर एक्सप्रेस-वे से सटे हैदरिया में जनसभा को संबोधित कर एक्सप्रेस-वे को अपनी सरकार की उपलब्धि बताने की कोशिश करेंगे । अखिलेश यादव इसे अपनी सरकार की उपलब्धि बताकर जनता को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

जहां पीएम मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे उद्घाटन करेंगे, वहीं दूसरे छोर पर अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर हमला बोलेंगे। सपा प्रमुख की यह विजय यात्रा हैदरिया से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से विभिन्न जगहों पर रुकते हुए जनता से संवाद करते हुए आजमगढ़ तक जाएगी। इसके लिए हैदरिया से लेकर मऊ जिले की सीमा तक कई जगह स्वागत एवं संवाद केंद्र बनाए गए हैं। अखिलेश यादव गाजीपुर जिले के पूर्वी छोर पर स्थित हैदरिया गांव में विजय यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यह वहीं गांव है जहां से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे प्रारंभ होता है। अखिलेश ने सोमवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता पर सवाल भी उठाए। उन्होंने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार पर एक्सप्रेस-वे की लागत कम करने के लिए गुणवत्ता से समझौता करने का आरोप लगाया। यादव ने गाजीपुर जिला प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस-वे पर चलने की इजाजत नहीं दिए जाने पर मंगलवार को सपा द्वारा फूल चढ़ाकर सांकेतिक रूप से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन का ऐलान भी किया।अखिलेश ने गाजीपुर में सभा की तारीख बदल दी।

### सपा का पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के साथ हुआ गठबंधन

वहीं सोमवार को सपा के राज्य मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा की। इसी दौरान लेबर एस पार्टी तथा भारतीय किसान सेना का सपा में विलय हुआ। उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छोटे दलों के साथ गठबंधन के क्रम में सोमवार को एक और कदम आगे बढ़ाया है। अखिलेश यादव ने पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा की। इसके साथ ही लेबर एस पार्टी ने सोमवार को समाजवादी पार्टी में विलय की घोषणा की है। भारतीय किसान सेना के रामराज सिंह पटेल भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

### कांग्रेस पर डबल अटैक....

बराबर की हिस्सेदारी दी जा रही है। यह दिन हमारे लिए गौरव का दिन है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर के मौके पर प्रथम जनजातीय गौरव दिवस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांधी-पटेल-आंबेडकर जयंती की तरह ही इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस के फिजूलखर्ची के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा- कि क्या आईफा अवॉर्ड का आयोजन फिजूलखर्ची नहीं थी। इस मौके पर 18 जनजातीय जिलों समेत प्रदेश भर से दो लाख से अधिक जनजातीय समाज के लोग प्रधानमंत्री मोदी को सुनने आए हुए थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जनजातीय समुदाय को उनके भाग्य पर छोड़ दिया। वे विकास की बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह गए। पर उनके भी अपने सपने होते हैं। विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहिए। हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। जितने भी आकांक्षी या फिर ऐसे जिले जहां संसाधनों का अभाव है, वह जिले भी उनकी प्राथमिकता में हैं। स्कूल, सड़क, इलाज सभी कुछ देने का प्रयास कर रहा हूं। किसानों के खाते में सीधे राशि भेजी जा रही है। करोड़ों परिवारों को इससे मदद मिली है।

### पीएम मोदी ने कहा...

रेलवे स्टेशन का नाम जुड़ने से उसका महत्व और बढ़ गया। यह बात सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के लोकार्पण करने के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के लिए गौरवपूर्ण इतिहास और वैभवशाली भविष्य के संगम का दिन है। रानी कमलापति का नाम भारतीय रेलवे से जुड़ा है। बल्कि गिन्नौरगढ़ की रानी का नाम जुड़ने से इसका महत्व और बढ़ गया है। नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब देश के अंदर वीआईपी यानी वेरी इंपोर्टेंट पर्सन की जगह ईपीआई यानि एवरी पर्सन इज इंपोर्टेंट का कल्चर लागू हो गया है।

**75 वंदे भारत ट्रेनें चलाने का ऐलान**:पीएम मोदी ने कहा कि देश में विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने के साथ हमने आधुनिक ट्रेन वंदे भारत की सौगात दी। उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में देशभर में करीब 75 वंदे भारत ट्रेनें चलायी जाएंगी। हम देश के पौने 200 स्टेशनों को विकसित कर रहे है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ किसानों को, विद्यार्थियों को, व्यापारियों और उद्यमियों को होता है। आधुनिक भारत के लिए रिकॉर्ड तोड़ निवेश हो रहा है।

### इंदौर-उज्जैन मेमू...

, भोपाल-बरखेड़ा खंड में तीसरी रेललाइन, मथेला-निमाड़ खीरी बड़ी लाइन खंड और विद्युती युकृत गुना-ग्वालियर खंड का भी वर्चुअल शुभारंभ किया।

### सीएम शिवराज का कांग्रेस...

दो लाख से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का सम्मान समस्त जनजातीय समाज का सम्मान है। उन्होंने कुल 18 मिनट 30 सेकंड में अपना भाषण समाप्त किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व मप्र सरकारी की योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का बखूबी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह अमर शहीदों का कर्ज उतार रहे हैं। मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करना चाहती है। उन्होंने रानी कमलापति का जिक्र करते हुए कहा कि वे तो बचपन से सुनते आ रहे हैं कि..रानी तो कमलापति बाकी सब रनैया। उन्होंने कहा पहले दुनिया में वैक्सीन बनता था, पर प्रधानमंत्री ने जिंदगी का डोज हम लोगों को दिया है, इसके लिए आभारी हैं। मुख्यमंत्री ने पेट्रोल, डीजल की कीमतें कम करने से लेकर रासायिनक खाद की सब्सिडी के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए इतनी योजनाएं शुरू की है कि इसकी लंबी लिस्ट है। राशन आपके द्वार योजना में गांव गांव राशन भेजा जाएगा। गाड़ी सरकारी नहीं होगी, बल्कि जनजातीय समुदाय की होगी। उसे बैंक से ऋण व उसकी गारंटी सरकार दिलाएगी। उन्होंने कहा कि सिकलसेल बीमारी एनिमिया से अभियान शुरू कर रहे हैं। सिकलसेल उन्मूलन के लिए सरकार काम कर रही है।

### मोदी ने जोहार ...

का प्रयास किया। आपका एक-एक शब्द जीवन जीने का कारण, इरादा, हेतु बखूबी प्रस्तुत करता है। मोदी के 35 मिनट के भाषण में 27 बार तालियां बजीः मोदी के 35 मिनट 10 सेकंड के भाषण में 27 बार तालियों की गड़गड़ाहट मैदान गूंजा। इस दौरान जनजाति समुदाय के लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए। मंच पर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेंद्र कुमार, फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद एम. मुरूगन, भाजपा अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा, मप्र के जनजातीय मंत्री सुश्री मीना सिंह, बिसाहू सिंह, विजय शाह, प्रेम सिंह समेत कई सांसद व अन्य लोग मौजूद थे।

### आबादी के हिसाब...

हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय ने जो बलिदान दिया है, उस ऋण को चुका नहीं सकते, पर ऐसा करके विकास कर सकते हैं।

**देशभर में खोले जा रहे एकलव्य मॉडल स्कूलः** पीएम मोदी ने जनजातीय छात्रों पर किए जा रहे खर्चो का जिक्र करते हुए कहा कि 7 साल पहले तक प्रति छात्र 40 हजार रुपए ही खर्च होते थे, किंतु अब प्रति वर्ष प्रति छात्र एक लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। जनजातीय छात्रों को उच्च शिक्षा और शोध से भी जोड़ा जा रहा है। देश में कुछ वर्ष पहले तक 18 जनजातीय अनुसंधान केन्द्र थे, जो बढ़कर 27 हो गए हैं। नई शिक्षा नीति में जनजातीय वर्ग के बच्चों को मातृ भाषा की शिक्षा का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश भर में 750 एकलव्य मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं। इस वर्ष 50 स्कूल खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने 50 एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल का वर्चुअल भूमि पूजन भी किया। उन्होंने रतलाम जिले के बाजना में बने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लोकार्पण भी किया।

**टीकाकरण एक उपलब्धिः** इस मौके पर मप्र में टीकाकरण तथा शत प्रतिशत कोविड-19 टीकाकरण उपलब्धि वाले जनजातीय बहुल झाबुआ जिले के ग्राम नरसिंहरूडा पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौ साल की सबसे बड़ी महामारी से पूरी दुनिया लड़ रही है। टीककरण के लिए जिस तरह से जनजातीय परिवारों से आगे आकर काम कियाए वह गौरवपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि मुफ्त टीकाकरण से लाभ मिला होगा। उन्होंने मप्र टीकाकरण में प्रदर्शन पर मप्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के महत्व को जनजातीय समुदाय ने जिस तरह से समझा है।

**पहले 10 वनोपज पर मिलती थी एमएसपी, अब हम दे रहे 90 वनोपज परः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता जनजातीय समाज के विकास के बिना संभव नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर खनन नीति में भी बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वन संपदाओं पर सभी का बराबर का अधिकार होना चाहिए। खनन के क्षेत्र में ऐसे बदलाव किए हैं कि रोजगार में व्यापक संभावनाएं बनेगा। मोदी ने कहा कि पहले 8-10 वनोपज पर ही एमएसपी मिलती थी, किंतु अब 90 वनोपज पर एमएसपी दे रहे हैं। वन धन विकास के लिए 37 हजार से अधिक योजनाएं शुरू की गई है। इससे 7.50 लाख लोगों को रोजगार व स्व रोजगार से जोड़ा जा सकेगा।

### संवेदनशील पदों ...

अनुसार अब रक्षा सचिव, गृह सचिव, आईबी निदेशक, रॉ सचिव को दो सालों का अतिरिक्त सेवा विस्तार दिया जा सकेगा तो सीबीआई और ईडी निदेशक को पांच सालों तक सेवा विस्तार दिया जा सकेगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का दो साल का बतौर सचिव कार्यकाल पूरा हुआ तो उन्हें एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। उन्हें एक साल और सेवा विस्तार दिया जा सकेगा। वैसे ही आईबी चीफ अरविंद कुमार, रॉ चीफ सुमंत कुमार गोयल को गत मई 2021 में एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था उन्हें नये नियम के मुताबिक केंद्र सरकार एक-एक साल और सेवा विस्तार दे सकती है। रक्षा सचिव अजय कुमार का दो साल का कार्यकाल अगस्त 2021 में ही समाप्त हो गया है। अगर वो रक्षा सचिव के पद पर ही रहे तो उन्हें दो साल के विस्तार दिया जा सकेगा।

### न्यायालय ने एमसीडी ...

स्टाफ रिकॉर्ड में हलफनामा दाखिल कर सकते हैं कि क्या यह पर्याप्त है। पीठ ने कहा कि आप फिर एमसीडी पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं।

**दिल्ली में 372 'वाटर स्प्रिंकलर' लगाए गएः** न्यायालय ने कहा कि इस तरह के बहाने हमें लोगों की देखभाल करने के बजाय लोकप्रियता के नारों पर आपके द्वारा एकत्र और खर्च किए जा रहे कुल राजस्व का पता लगाने और ऑडिट जांच कराने के लिए विवश करेंगे। दिल्ली सरकार ने अपने हलफनामे में शीर्ष अदालत को बताया कि शहर में सड़क साफ करने वाली 69 यांत्रिक मशीन संबंधित एजेंसियों द्वारा लगाई गई हैं और इन मशीनों का उपयोग कर सड़कों का 85,000 किलोमीटर से अधिक लंबा क्षेत्र साफ किया गया है। इसने शीर्ष अदालत को यह भी बताया कि सड़कों पर धूल के कणों को दबाने के लिए दिल्ली में 372 'वाटर सप्रिंकलर' लगाए गए हैं और अक्टूबर 2021 से 13 नवंबर, 2021 तक 22,000 किलोमीटर से अधिक लंबे सड़क क्षेत्र पर पानी का छिड़काव किया गया है। शीर्ष अदालत ने शनिवार को दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उसके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में पूछा था और जानना चाहा था कि क्या उसके द्वारा लगाए गए 'स्मॉग टॉवर' काम कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि वायु प्रदूषण के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराना एक फैशन बन गया है। न्यायालय पर्यावरण कार्यकर्ता आदित्य दुबे और विधि छात्र अमन बांका द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें छोटे और सीमांत किसानों को पराली हटाने वाली मशीन निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल में दिल्ली के कनॉट प्लेस में देश के पहले स्मॉग टॉवर का उद्घाटन किया था और कहा था कि यह एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा था कि यदि पायलट परियोजना के अच्छे परिणाम मिलते हैं तो शहर में ऐसे कई टॉवर स्थापित किए जा सकते हैं।

### नैनीताल में खुर्शीद के...

में कहा है कि जो लोग ऐसा करते हैं वह हिंदू धर्म के नहीं हैं। हिंदू धर्म एक खूबसूरत धर्म है, जिसने इस देश को एक शानदार संस्कृति दी है और मुझे इस पर गर्व है। यह हमला मुझ पर नहीं हिंदू धर्म पर है। फेसबुक पर घटना की तस्वीरें शेयर करते हुए सलमान खुर्शीद ने कहा, क्या मैं अभी भी गलत हूं? क्या ये हिंदुत्व हो सकता है? मेरी पार्टी ने मेरी बातों का समर्थन किया है। पार्टी आलाकमान ने मेरी बातों को सही कहा है। मेरे दरवाजे खुले हैं, जो भी आए बात कर सकता है।

### बजरंग दल के 20 से...

मुताबिक क्षेत्र में गोली भी चलाई गई, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। इस मामले पर डीजीआई (कुमाऊं) नीलेश आनंद का कहना है कि राकेश कपिल और 20 अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किताब पर विवाद...

गौरवान्वित किया है और हमेशा घरेलू स्तर पर देश के एक उदारवादी, मध्यमार्गी और समावेशी दृष्टिकोण को व्यक्त किया है। हमारी राजनीति में असहिष्णुता के बढ़ते स्तर की सत्ता में बैठे लोगों को निंदा करनी चाहिए। वहीं, हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने पटियाला कोर्ट से किताब के प्रकाशन, प्रसार और बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। हिंदू सेना का आरोप है कि किताब हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है।

### प्रख्यात लेखिका और...

के मिरांडा हाउस कॉलेज में पढ़ाती थीं। साहित्यकार राजेंद्र यादव उनके पति थे। मन्नू भंडारी ने 'मैं हार गई', 'तीन निगाहों की एक तस्वीर', 'एक प्लेट सैलाब', 'यही सच है', 'आंखों देखा झूठ' और 'त्रिशंकु' जैसी कई कहानियां लिखीं। इसके अलावा भी मन्नू भंडारी ने बहुत सारी बेहतरीन कहानियां और उपन्यास लिखे। उनकी लिखी कहानी 'यही सच है' पर 1974 में 'रजनीगंधा' फिल्म बनी थी। इसे बासु चैटर्जी ने बनाया था। महाभोज उपन्यास भी रहा चर्चितः राजनीति पृष्ठभूमि पर लिखा गया उपन्यास 'महाभोज' भी काफी चर्चित रहा है। राजकमल प्रकाशन समूह के राधाकृष्ण प्रकाशन से प्रकाशित महाभोज के अबतक बत्तीस संस्करण आ चुके हैं। इसका पहला संस्करण 1979 में प्रकाशित हुआ था। 'महाभोज' विद्रोह का राजनीतिक उपन्यास है. यह उपन्यास भ्रष्ट भारतीय राजनीति के नग्न यथार्थ को प्रस्तुत करता है। देश-विदेश की कई भाषाओं में 'महाभोज' का अनुवाद हुआ है। 'महाभोज' नाटक तो दर्जनों भाषाओं में सैकड़ों बार मंचित हो चुका है।

### प्रियंका की कोशिशों पर पानी फेर रहे हैं पी. चिदंबरम व सलमान खुर्शीद जैसे नेता?

**लखनऊ।** प्रियंका गांधी जब पिछले महीने काशी विश्वनाथ पहुंचीं तो माथे पर चंदन, हाथों में तुलसी की माला लिए दिखीं। प्रियंका के मंदिरों के दौरे को कांग्रेस की सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति से जोड़कर देखा गया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की समीक्षा के लिए बनी एंटनी समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि बहुसंख्यसकों के बीच पार्टी की हिंदू विरोधी छवि का प्रचार हुआ, जो भारी पड़ा है। इसके बाद से ही कांग्रेस लगातार प्रयत्न करती रही है कि वह कहीं से भी ऐसे किसी मुद्दे को लेकर न फंसे, जो उसे बहुसंख्यक समाज के विरोधी के तौर पर प्रचारित करने का मौका भाजपा को दे दे। यही वजह थी कि राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पार्टी ने सधी हुई राय दी।


## गुमशुदा की तलाश



साहिल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नामः **साहिल** पुत्र **इलियास** पता **म.न. पी–4/708, सुलतान पुरी, दिल्ली**, जो थाना सुलतान पुरी, दिल्ली क्षेत्र से दिनांक **17.10.2021** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एफआईआर संख्या **1213/21 धारा 363 आईपीसी** के तहत दिनांक **18.10.2021** को **थाना सुलतान पुरी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़के का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिय नीचे दिया गया हैः–

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** 17 वर्ष, **कदः** 5'8'' फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** काले रंग की कमीज – सफेद रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

वेबसाइटः **http://cbi.nic.in**
ई–मेलः **cic@cbi.gov.in**
टेली. नं.: **011-24368638/24368641**
फैक्स नं.: **011-24368639**

थाना प्रभारी
थाना सुलतान पुरी, दिल्ली
फोन नं.: **011-25472166**
मो. नं. **7065036134**

**DP/1282/OD/2021**

## अंका इंडिया लिमिटेड

CIN: L74900HR1994PLC033268;
पंजी. कार्या. : 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज ओल्ड दिल्ली रोड, गुड़गांव-122001
Phone no: 9820069933; website: www.ankaindia.com

**30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**

राशि रु. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-सित.-21 अअंकेक्षित | 30-जून -21 अअंकेक्षित | 30-सित.-20 अअंकेक्षित | 30-सित.-21 अअंकेक्षित | 30-सित.-20 अअंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | 5.00 | - | 5.00 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (2.19) | (5.24) | 3.28 | (7.43) | (1.32) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (2.19) | (5.24) | 3.28 | (7.43) | (1.32) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (2.19) | (5.24) | 3.28 | (7.43) | (1.32) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | - | - | - | - | - |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/– प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य वाले) | 62.74 | 62.74 | 62.74 | 62.74 | 62.74 |
| 7 | अन्य इक्विटी | NA | NA | NA | (518.89) | (506.05) |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक के) बेसिक : | (0.03) | (0.08) | 0.05 | (0.12) | (0.02) |
| | डायल्युटेड : | (0.03) | (0.08) | 0.05 | (0.12) | (0.02) |

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लि. के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) के साथ साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध हैं।
2. विवरण की टिप्पणी सं. 3 के संदर्भ में ध्यान आकर्षित किया जाता है कि कम्पनी असैट के रूप में रु. 25.20 लाख की राशि पूर्ववर्ती वर्षों में भुगतान किये गये न्यूनतम वैकल्पिक कर की पहचान करना जारी रखे हुये है और भविष्य के कर भुगतानों के तहत इसको समायोजित करने की उम्मीद करती है। हमारे विचार में हानि के पूर्व इतिहास को देखते हुये जिसके कारण हमारी कम्पनी के नेटवर्थ नकारात्मक हो गई और कम्पनी की ओवरऑल वित्तीय स्थिति इसे परिसम्पत्ति के रूप में विचार करने की नहीं है और यह आयकर अधिनियम 1961 के तहत "न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बन्ध में उपलब्ध ऋण हेतु लेखा पर मार्गदर्शी टिप्पणी" के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।
3. कम्पनी ने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान रु. 57,250 की काटी गई राशि सरकारी ट्रेजरी में टीडीएस के साथ जमा नहीं करवाई है और वर्तमान वित्तीय वर्ष अर्थात 2021-22 को समाप्त हमारी संवीक्षा अवधि हेतु जुलाई 21-सितम्बर 21 अवधि हेतु रु. 25000/– का टीडीएस नहीं काटा है और इसकी रिटर्न दायर करने में भी चूक की है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते अंका इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
सुलक्षणा त्रिखा
अध्यक्ष

दिनांक : 14.11.2021
स्थान : दिल्ली